# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

## DEPARTMENT OF HINDI

**PROF. DIGVIJAY KR. RAI**
**HEAD**
**EMAIL:**bsnvpgcollege1954@gmail.com
**MOB. NO.:** 9415988101

**DATE:** 19/11/2022

# रिपोर्ट

साल 1857, हिंदुस्तान के इतिहास का एक अहम साल, जो भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी बना।इस स्वतंत्रता संग्राम ने यह तय कर दिया कि हिंदुस्तान की आजादी को अब रोका नहीं जा सकता। इस स्वतंत्रता संग्राम के चमकते हुए सितारों में एक सितारे का नाम लक्ष्मीबाई था जिसके तलवार की चमक आज भी मंद नहीं पड़ी।

भारतवर्ष में शायद ही कोई ऐसा हो जो लक्ष्मीबाई के शौर्य से प्रभावित न हुआ हो।उनके ऊपर सभी भाषाओं में अनेक प्रकार की रचना की गयी। हिंदी में भी अनेक रचनाएं की गयीं जैसे सुभद्रा कुमारी चौहान की अमर कविता " खूब लड़ी मर्दानी ", वृंदालाल वर्मा का उपन्यास " झांसी की रानी "आदि।

रानी लक्ष्मीबाई पर हिंदी में रचित साहित्य पर हिंदी विभाग में परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में विभाग के सभी शिक्षक -दिग्विजय कुमार राय, डॉ प्रणव मिश्र,श्रीकृष्णचंद्र, डॉ चंद्रमणि शर्मा, डॉ अंजलि, डॉ सीम दुबे- और छात्र उपस्थित रहे।दिग्विजय कुमार राय ने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता की विस्तार से चर्चा करते हुए उस सौंदर्यबोध को रेखांकित किया जो अपनी आजादी को बचाए रखने के जज्बे से पैदा हुआ था।डॉ प्रणव मिश्र ने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता के माध्यम से लक्ष्मीबाई के महत्त्व को निरूपित किया। डॉ अंजलि ने नारी शक्ति की चर्चा करते हुए वृंदालाल वर्मा के उपन्यास "झांसी की रानी" के माध्यम से लक्ष्मीबाई के योगदान को रेखांकित किया। डॉ चंद्रमणि

शर्मा ने उपन्यास "झांसी की रानी" की समीक्षा प्रस्तुत की और रानी लक्ष्मीबाई पर लिखे लोकगीतों की चर्चा की।डॉ सीमा दुबे ने हिंदी साहित्य की उस परंपरा पर प्रकाश डाला जो राष्ट्रवादी धारा के रूप में विकसित हई। इस परिचर्चा में छात्रों ने भी भाग लिया, उन्होंने अपने विचार रखे।कुछ छात्रों ने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता का पाठ भी किया।

अंत में दिग्विजय कुमार राय, अध्यक्ष हिंदी विभाग, ने सबका आभार व्यक्त किया, जिनकी वजह से एक सफल और सार्थक परिचर्चा का आयोजन किया जा सका।



# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

## DEPARTMENT OF HINDI







(Head)
Department of Hindi